राजस्थान अधीनस्थ एवं मंत्रालयिक सेवा चयन बोर्ड,
राज्य कृषि प्रबन्ध संस्थान परिसर, दुर्गापुरा, जयपुर

क्रमांकः प.14(37)RSMSSB/अर्थना/पशुपा./पशु.सहा./2016/पार्ट–II / 1250 दिनांक : 16/3/2018

–:: कार्यालय आदेश ::–

बोर्ड द्वारा पशुपालन विभाग के लिये राजस्थान पशुपालन अधीनस्थ सेवा नियम, 1977 के अन्तर्गत पशुधन सहायक (गैर अनुसूचित क्षेत्र) सीधी भर्ती परीक्षा–2016 की परीक्षा दिनांक 21.08.2016 को आयोजित की गई थी। इस परीक्षा का परिणाम बोर्ड द्वारा दिनांक 08.10.2016 को जारी किया गया है एवं संशोधित परीक्षा परिणाम दिनांक 08.06.2017 को जारी किया गया। पशुधन सहायक सीधी भर्ती परीक्षा–2016 में अस्थाई रूप से चयनित अभ्यर्थियों की पात्रता की जांच एवं दस्तावेजों का सत्यापन पशुपालन विभाग द्वारा करवाया गया था। इस पात्रता की जांच में अपात्र पाये गये एवं अनुपस्थित रहे अभ्यर्थियों के स्थान पर श्रेणीवार अभ्यर्थियों का अस्थाई रूप से चयन किया गया है। इन अस्थाई रूप से चयनित अभ्यर्थियों की पात्रता की जांच पशुपालन विभाग द्वारा ओर करवाई जानी है। अस्थाई रूप से चयनित निम्नलिखित अभ्यर्थियों को सूचित किया जाता है कि वे निम्नानुसार अपने रोल नम्बर के सामने अंकित दिनांक को प्रातः 10.00 बजे **निदेशालय, पशुपालन विभाग, पशुधन भवन, गांधी नगर मोड़, टोंक रोड, जयपुर** पर पात्रता की जांच हेतु विस्तृत आवेदन (दो प्रतियों में) एवं मूल दस्तावेजों के साथ आवश्यक रूप से उपस्थित होवें :–

क्र.स.	पद का नाम	अभ्यर्थियों के रोल नम्बर	दिनांक
1.	पशुधन सहायक (गैर–अनुसूचित क्षेत्र)	707964 702815 703117 705181 710254 701240 708769	22.03.2018

पात्रता की जांच हेतु उपस्थित होते समय निम्न बातों का विशेष रूप से ध्यान रखा जावें :–

1. विस्तृत आवेदन भरने से पूर्व बोर्ड की बेवसाइट www.rsmssb.rajasthan.gov.in पर "विस्तृत आवेदन भरने हेतु आवेदकों के लिये आवश्यक निर्देश" एवं पशुधन सहायक सीधी भर्ती परीक्षा– 2016 के लिये दिनांक 28.06.2016 को जारी विज्ञप्ति का ध्यानपूर्वक अध्ययन कर ले। उक्त निर्देश एवं विज्ञप्ति बोर्ड की वेबसाईट www.rsmssb.rajasthan.gov.in पर उपलब्ध है।
2. विस्तृत आवेदन दो प्रतियों में अलग–अलग लाना है। विस्तृत आवेदन की फोटोप्रति स्वीकार नही की जायेगी।
3. शैक्षणिक योग्यता, आयु, जाति, आचरण, विशेष योग्यजन, विवाह, खेल, राष्ट्रीयता, सेवारत होने संबंधी **मूल प्रमाण–पत्र एवं दस्तावेज तथा स्वंय का पहचान पत्र आवश्यक रूप से साथ लावें।**
4. विस्तृत आवेदन पत्र के साथ प्रमाण–पत्रो एवं दस्तावेजों की स्वंय द्वारा प्रमाणित प्रति संलग्न करें।

(डॉ. बी.एल. जाटावत)
अध्यक्ष